# कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़
# KRISHI VIGYAN KENDRA, JHALAWAR

प्रसार शिक्षा निदेशालय (कृषि विश्वविद्यालय, कोटा)

DIRECTORATE OF EXTENSION EDUCATION (AGRICULTURE UNIVERSITY, KOTA)

पो. बो. नं–16, राष्ट्रीय राजमार्ग–52, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने, झालावाड़–326 001 (राज.)

P. B. No. 16, NH-52, Infront of Housing Board Colony, Jhalawar- 326 001 (Raj.)

डॉ. टी. सी. वर्मा (वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष)
Dr. T. C. Verma (Senior Scientist & Head)

Email : kvkjhalawar@aukota.org 07432 – 294404 (O)
Website : http://jhalawar.kvk2.in/ 9414385905 (Mob.)


एफ.24 ( )/केवीके/झाला./भोजन निविदा/2025–26/6 दिनाँक : 07.04.2025

## खुली निविदा सूचना

कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों एवं प्रसार गतिविधियों में प्रशिक्षणार्थियों/प्रतिभागियों के लिये नाश्ता, अल्पाहार एवं भोजन हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। वित्तीय वर्ष 2025–26 (अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) में आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों एवं प्रसार गतिविधियों में नाश्ता, अल्पाहार एवं भोजन पर अनुमानित खर्च 4.80–4.95 लाख आने की संभावना है। निविदा प्रपत्र कृषि विज्ञान केन्द्र पर कार्यालय दिवस में दिनाँक 07 अप्रैल 2025, सोमवार से उपलब्ध रहेगा, जिसे ₹500/– नेफ्ट (NEFT)/यूपीआई (UPI) द्वारा हस्तान्तरण कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र जमा करवाने की अन्तिम दिनाँक व समय 21 अप्रैल 2025, सोमवार को सुबह 11:45 बजे तक रहेगा। निविदा दिनाँक 21 अप्रैल 2025, सोंमवार दोपहर 02:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र जमा करवाते समय धरोहर राशि ₹10,000 (अक्षरे दस हजार रूपये) मात्र का नेफ्ट (NEFT)/यूपीआई (UPI) द्वारा जमा करवाना होगा। निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://aukota.org से डाउनलोड कर भी प्राप्त की जा सकती है। यदि निविदाएँ उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की है तो निविदा प्रपत्र शुल्क का अतिरिक्त नेफ्ट (NEFT)/यूपीआई (UPI) द्वारा हस्तान्तरण की रसीद अलग से (धरोहर राशि के अलावा) निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क की कुल एक मुश्त राशि **"कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़" (Programme Coordinator, Krishi Vigyan Kendra, Jhalawar)** के **ICICI Bank, Garh Branch, Jhalawar** के बैंक खाता संख्या **686501111801 (IFSC-ICIC0006865)** में RTGS/ NEFT/UPI द्वारा जमा कराने की रसीद प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र दिये जावेंगे।

(टी. सी. वर्मा)
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़

**हस्ताक्षर निविदादाता**
**फर्म के रबर स्टाम्प सहित**

# कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़
# KRISHI VIGYAN KENDRA, JHALAWAR

प्रसार शिक्षा निदेशालय (कृषि विश्वविद्यालय, कोटा)

DIRECTORATE OF EXTENSION EDUCATION (AGRICULTURE UNIVERSITY, KOTA)

पो. बो. नं–16, राष्ट्रीय राजमार्ग–52, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने, झालावाड़–326 001 (राज.)

P. B. No. 16, NH-52, Infront of Housing Board Colony, Jhalawar- 326 001 (Raj.)

डॉ. टी. सी. वर्मा (वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष)
Dr. T. C. Verma (Senior Scientist & Head)

Email : kvkjhalawar@aukota.org 07432 – 294404 (O)
Website : http://jhalawar.kvk2.in/ 9414385905 (Mob.)


एफ.24 ( )/केवीके/झाला./भोजन निविदा/2025–26/8 दिनाँक : 07.04.2025

## निविदा नियम एवं शर्तें

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि** : सोमवार, 21.04.2025

**निविदा जमा करने का समय** : सुबह 11.45 बजे तक

**निविदा खोलने की तिथि** : सोमवार, 21.04.2025

**निविदा खोलने का समय** : दोपहर 02.00 बजे

**निविदा प्रपत्र शुल्क** : ₹500/–

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या एफ.24 ( )/केवीके/झाला./भोजन निविदा/2024–25/7 दिनाँक : 07.04.2025 की नाश्ता, अल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था हेतु निविदा प्रपत्र के साथ प्रेषित मैन्यु के अनुसार अपनी दरें अंकित करें। जिसकी नियम एवं शर्ते निम्नलिखित हैं:–

| क्र.सं. | नियम एवं शर्तें |
|---|---|
| 1 | निविदादाता की धरोहर राशि ₹10,000 (अक्षरे दस हजार रुपये) मात्र पूर्ण रूप से भरे हुए निविदा प्रपत्र के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ पर डीडी/नेफ्ट/यूपीआई (UPI) द्वारा जमा करानी होगी। बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार नहीं होगी। असफल निविदादाताओं को धरोहर राशि निविदा के पूर्ण हो जाने पर लेखा नियमानुसार लौटा दी जायेगी। सफल निविदादाता स्वीकृत कार्य आदेश करने से इंकार करते हैं या वह अपने प्रस्ताव से पीछे हटते है तो उसकी धरोहर राशि जब्त (Forfeit) कर ली जायेगी। |
| 2 | स्वीकृत निविदादाता को अमानत राशि ₹15,000 (अक्षरे पन्द्रह हजार रुपये) मात्र कार्यालय खाते में जमा करानी होगी। विश्वविद्यालय में जमा धरोहर राशि व अमानत राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा। सफल निविदादाता के संदर्भ में धरोहर राशि ₹10,000 (अक्षरे दस हजार रुपये) को अमानत राशि ₹15,000 (अक्षरे पन्द्रह हजार रुपये) में समायोजित कर दिया जायेगा तथा शेष राशि ₹5,000 (अक्षरे पाँच हजार रुपये) डीडी/नेफ्ट/यूपीआई (UPI) द्वारा हस्तान्तरण कर, **"कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़"** के खाते में 05 दिन में जमा करवानी होगी। |
| 3 | निविदा में भाग लेने वाली फर्म को वांछित संस्था में पंजीकृत होना चाहिए (प्रतिलिपी संलग्न करें) एवं उसके पास वांछित दस्तावेज यथा पेन व जी.एस.टी. नम्बर, दोनो आवश्यक रूप से संलग्न होना चाहिए (प्रतिलिपी संलग्न करें)। |
| 4 | निविदा आवेदन पत्र में किसी पार्टी द्वारा अलग से दी गई शर्तें व अलग से दिये गए दस्तावेज मान्य नहीं होंगे। |
| 5 | निविदा प्रपत्र दिनाँक 21.04.2025, सोमवार को सुबह 11.45 बजे तक कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ के कार्यालय में जमा कराना आवश्यक है। उक्त समय पश्चात् निविदा प्रपत्र से संबंधित किसी भी प्रकार का पत्र नहीं लिया जायेगा। निविदाएं 21.04.2025, सोमवार दोपहर 02:00 बजे निर्धारित सक्षम कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। |

**हस्ताक्षर निविदादाता**

**फर्म के रबर स्टाम्प सहित**

| | |
|---|---|
| 6 | निविदादाताओं के द्वारा निविदा व सहित जमा दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठ पर पूर्ण हस्ताक्षर के साथ क्रम वार प्रष्ठ सं. अंकित किये होने चाहिए। |
| 7 | भोजन पकाते समय कुँए या ट्यूबवेल का जल व बिजली आपूर्ति केन्द्र द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी जिसके लिये प्रशिक्षण के दौरान निविदा पार्टी को प्रतिदिन 100/– रुपये की दर से राशि केन्द्र पर जमा करानी होगी। |
| 8 | **निविदादाताओं को रसोई गृह, भोजनशाला व सम्बन्धित क्षेत्र/वस्तु/सामग्री को सुव्यवस्थित, साफ व स्वच्छ स्थिति में रखना होगा एवं इसकी साफ–सफाई संबंधी खर्चा सफल निविदादाता द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा।** |
| 9 | भोजन व अन्य खाद्य पदार्थों को केन्द्र की भोजनशाला में ही तैयार करना होगा। |
| 10 | भोजन पकाने हेतु शुद्ध देशी घी, खाने योग्य रिफाइण्ड तेल, शुद्ध मूंगफली का तेल/अन्य/कच्चा सामान दूध इत्यादि एगमार्क ब्राण्ड/ उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए। इस उद्देश्य हेतु गठित समिति को यह अधिकार होगा कि वे कच्चे सामान की गुणवत्ता का समय–समय पर निरीक्षण करेंगे व सामान असंतोषजनक /अमानक पाये जाने पर उस सामान को निरस्त कर सकेंगे। निरस्त सामान को समिति के सामने नष्ट करना होगा। इस हेतु कोई मुआवजा नहीं दिया जायेगा। |
| 11 | व्यक्ति/पार्टी जिसके नाम से निविदा खुली है उसे ही भोजनशाला चलानी होगी, निविदादाता किसी अन्य को इसे अनुबंध पर हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा। |
| 12 | यदि भोजन की गुणवत्ता सम्बन्धी कोई भी शिकायत प्राप्त होती है, तो निविदादाता को चेतावनी देकर भोजन की गुणवत्ता अगले 24 घंटे में सुधारनें के लिये पाबंद किया जायेगा। इसके उपरान्त यदि भोजन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो 10 दिन का नोटिस देकर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, झालावाड़ इस निविदा ठेके को निरस्त कर सकेंगे। |
| 13 | भोजनशाला में किसी भी प्रकार की अवांछनीय/प्रतिबंधित गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। |
| 14 | निविदादाता को राजकीय अवकाश के दिन भी आवश्यक होने पर आदेशानुसार भोजन व्यवस्था करनी होगी। |
| 15 | **निविदादाता भोजन पकाने व परोसने हेतु आवश्यक संख्या में कर्मचारी नियुक्त करेगा तथा उनको शिष्टता का अनुसरण करना होगा साथ ही यदि बुफे (खड़े खाने में) जहाँ आवश्यक हो तो केटरिंग की व्यवस्था भी करनी होगी जिसका अलग से कोई भुगतान देय नहीं होगा। भोजन खिलाते समय परोसने, जल, बर्तन आदि की व्यवस्था भी निविदादाता की होगी एवं परोसने वाले व्यक्ति बाल श्रमिक नहीं होने चाहिए।** |
| 16 | निविदादाता द्वारा वांछित पूर्ण जानकारी न दिये जाने पर निविदा को निरस्त किया जा सकता है या प्रपत्र में दिये गये विवरण व दिनांक पूर्णरुप से न भरे जाने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी। |
| 17 | निविदा व निविदा से संबंधी संलग्न दस्तावेजों पर हस्ताक्षरकर्ता यह स्पष्ट करें कि वह (स्त्री/पुरुष) व्यक्तिशः स्वामित्व या फर्म के भागीदार या संबंध प्रतिनिधि के रुप में प्रतिनिधित्व कर रहा है। |
| 18 | अनुबंध के किसी भी संबंध में कोई भी मतभेद होने पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, झालावाड़ द्वारा लिया निर्णय ही अंतिम माना जायेगा। |
| 19 | वह व्यक्ति जो निविदा व संबंधित प्रपत्रों पर किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में हस्ताक्षर करता है तो उसे अधिकार पत्र संलग्न करना होगा। |
| 20 | सफल निविदादाता द्वारा अनुबंध की शर्तों एवं नियमों का पालन नहीं करने पर निविदा निरस्तिकरण के साथ ही अमानत राशि भी जब्त (Forfeit) कर ली जायेगी। |
| 21 | निविदा की स्वीकृति की तिथि के पश्चात सफल निविदादाता को 31 मार्च, 2026 या आवश्यकतानुसार समयावधि में वृद्धि/ह्रास तक के लिए इन्हीं दरों पर कार्य करने हेतु पाबंद होगा। |
| 22 | निविदा प्रपत्र के अनुसार निविदादाता को संलग्न मैन्यू के अनुसार अनुमोदित दर पर भोजन/नाश्ता की आपूर्ति करनी होगी। |
| 23 | **निविदादाता द्वारा दरें प्रति नाश्ता एवं भोजन प्रति डाईट (एक समय) रुपये में देवें।** |
| 24 | नाश्ता पेपर अच्छी गुणवत्ता वाली प्लेट में, भोजन गुणवत्ता वाली पत्तल दोने में या आवश्यकतानुसार बुफे (खड़े खाने) की केटरिंग की व्यवस्था भी करनी होगी। |

**हस्ताक्षर निविदादाता**

**फर्म के रबर स्टाम्प सहित**

| | |
|---|---|
| 25 | अनुबंध के सफलतापूर्वक समाप्ति के पश्चात् ही लेखा नियमानुसार अमानत राशि लौटाई जायेगी। |
| 26 | किसी भी प्रकार का विवाद होने पर न्याय न्यायक्षेत्र, झालावाड़ न्यायालय में होगा। |
| 27 | वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष को यह अधिकार होगा की वह किसी भी या सभी निविदाओं को बिना किसी कारण बतायें निरस्त कर सकते हैं। |
| 28 | महिला प्रशिक्षणार्थियों के साथ आने वाले छोटे बच्चों को भी निर्धारित मैन्यु अनुसार ही नाश्ता/भोजन देना होगा जिसका कोई अलग चार्ज नहीं होगा। |
| 29 | प्रति प्रशिक्षण/मीटिंग/कार्यक्रम/गतिविधि में न्यूनतम 10 तथा अधिकतम आवश्यकतानुसार प्रशिक्षणार्थी/प्रतिभागी तथा अन्य प्रसार गतिविधियों में आवश्यकतानुसार सैंकड़ों/हजारों में प्रतिभागी हो सकते है। प्रशिक्षणार्थियों/प्रतिभागी के रात्रि विश्राम पर भोजन की व्यवस्था रात्रि को रूके हुए व्यक्तियों की संख्या के अनुसार करनी होगी। वांछित संख्या कम होने पर प्रशिक्षण/प्रसार गतिविधि निरस्त करने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष के पास सुरक्षित रहेगा तथा निविदादाता किसी भी प्रकार के हर्जाने की माँग नहीं कर सकेगा। |
| 30 | प्रशिक्षण/कार्यक्रम/गतिविधि में व्याख्यान हेतु पधारे अतिथि व्याख्याता को भी भोजन कराना होगा जिसका कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं होगा। |
| 31 | प्रत्येक व्यक्ति/प्रशिक्षणार्थी/प्रतिभागी को भोजन भरपेट खिलाना होगा। |
| 32 | **निविदादाता फर्म के पास अधिकृत फूड लाइसेंस होना अनिवार्य है। (प्रतिलिपि संलग्न करें)** |
| 33 | प्रशिक्षण या अन्य गतिविधियों के शुरूआत पूर्व दिए गए कार्यालय के आदेशानुसार मैन्यू के अनुसार नाश्ता व भोजन प्रतिभागियों को उपलब्ध करवाना होगा। |
| 34 | आवश्यकतानुसार निविदादाता पैक्ड (डिब्बाबंद) भोजन भी झालावाड़ जिले में बताए गए स्थान, समय व तिथि पर उपलब्ध कराने हेतु पाबंद रहेगा। जिसका कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं होगा। सफल निविदादाता द्वारा केन्द्र की भोजनशाला में केवल केन्द्र की गतिविधियों हेतु ही भोजन बनाने की अनुमति होगी। किसी अन्य/बाहरी फर्म/संस्थानों हेतु अधोहस्ताक्षकर्त्ता द्वारा यदि अनुमति दी जाती है तो ही विश्वविद्यालय नियमानुसार इसका उपयोग किया जा सकेगा। |
| 35 | निविदादाता द्वारा माँगे गये सभी नाश्ता/भोजन मैन्यु की दर वांछित कॉलम में देनी होगी। अपूर्ण एवं अस्पष्ट दरों को निकालने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को रहेगा। |
| 36 | निविदादाता द्वारा दो अलग–अलग लिफाफों में 1) तकनीकी निविदा (Technical Bid) एवं 2) वित्तीय निविदा (Financial Bid) लिखकर पूर्ण रूप से भरकर उसे इनको एक बड़े लिफाफे में डालकर उस पर पूर्ण रूप से स्पष्ट विवरण सहित नियत तिथि एवं समय पूर्व कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करना होगा। |
| 37 | दिए गए बड़े लिफाफे को खोलकर सर्वप्रथम तकनीकी निविदा (Technical Bid) वाला लिफाफा खोलकर पूर्ण रूप से सही पाये जाने पर ही सम्बन्धित निविदादाता फर्म की वित्तीय निविदा (Financial Bid) वाले लिफाफे को सक्षम कमेटी द्वारा अग्रिम कार्यवाही हेतु विचार किया जावेगा। |
| 38 | अपूर्ण एवं अस्पष्ट तकनीकी निविदा (Technical Bid) को अस्वीकार कर उनकी वित्तीय निविदा (Financial Bid) कमेटी द्वारा नहीं खोली जावेगी। |

**(टी. सी. वर्मा)**
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड

**हस्ताक्षर निविदादाता**
**फर्म के रबर स्टाम्प सहित**

# ठेका प्रपत्र
# वित्त निविदा

निविदा संख्या **एफ.24 ( )/केवीके/झाला./भोजन निविदा/2025–26/7** दिनांक : **07/04/2025**

सेवा में,

श्रीमान् वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष,
कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़।

द्वारा–

निविदादाता का पूरा नाम.................................................................................................

आवासीय पता.......................................................................................................................

दूरभाष नम्बर......................................................................................................................

मोबाइल नम्बर.....................................................................................................................

श्रीमान्,

मैं/हम कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ की भोजन, नाश्ता एवं अल्पाहार व्यवस्था अनुबंध से संबंधित सभी सामान्य सूचनाएँ, अन्य नियम व शर्तें पढ़ चुका हूँ/चुके है एवं मैं/हम अपनी सेवाएँ संलग्न सूची व निविदा शर्तों के अनुसार अपनी सहमति प्रदान करता हूँ/करते हैं।

मैं/हम अनुबंध करने के नियम व शर्तों को समझ चुका हूँ/चुके हैं व मैं/हम आपकी जरुरत के अनुरुप उत्तम सेवाएँ दूंगा/देंगे।

इस निविदा के संबंध में निम्न पत्र..................................से................................तक संलग्न किये जा रहे है। इस निविदा हेतु मेरे/हमारे द्वारा संलग्न किये गये सभी प्रपत्रों पर हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर अंकित है।

मैं/हम भोजन व्यवस्था (भोजन पकाने एवं परोसने की सेवा, बर्तनों एवं अन्य सुविधाएँ) प्रदान की जायेगी, उसके लिये मैं/हम अमानत राशि के रुप में (एक वर्ष के लिये) ₹15000 (अक्षरे पन्द्रह हजार रुपये) मात्र जमा कराने के लिये सहमत हूँ/हैं।

**साक्षी का नाम व हस्ताक्षर सहित**
**पता**

**निविदादाता के हस्ताक्षर व मोहर दिनांक**
**पता (सभी तरह से पूर्ण)**

**हस्ताक्षर निविदादाता**
**फर्म के रबर स्टाम्प सहित**

# प्रशिक्षण कार्यक्रमों में दिये जाने वाले नाश्ता एवं भोजन का मैन्यु एवं दर

निविदा संख्या एफ.24( )/केवीके/झाला./निविदा/2025–26/7 दिनांक 07/04/2025

| नाश्ता, अल्पाहार एवं भोजन मैन्यु विवरण | | दर प्रति व्यक्ति (₹) | |
|---|---|---|---|
| | | खुला | पैक्ड |
| (अ) नाश्ता /अल्पाहार | | | |
| (1) | चाय फुल (150 मि.ली.) | | |
| (2) | कॉफी फुल (150 मि.ली.) | | |
| (3) | पोहा एक प्लेट/ब्रेड पकोड़ा/आलू बड़ा/खमण (100 ग्राम) | | |
| (4) | दूध (200 मि.ली.)/कॉफी फुल (150 मि.ली.)/चाय फुल (150 मि.ली.) + 4 बिस्किट | | |
| (5) | समोसा–1/कचौरी–1/पेटीस–1/पोहा फुल प्लेट/आलू बड़ा + चाय फुल (150 मि.ली.) | | |
| (6) | ब्रेड पकोड़ा –1/खमण (100 ग्राम) + चाय फुल (150 मि.ली.) | | |
| (7) | इमरती–100 ग्राम (देशी घी)/जलेबी 100 ग्राम (देशी घी) + समोसा–1/कचौरी–1/पेटीस–1/पोहा फुल प्लेट/आलू बड़ा + चाय फुल (150 मि.ली.) | | |
| (8) | फल (मौसम के अनुसार)–1 + बिस्किट–4 + नमकीन (50 ग्राम) | | |
| (9) | आइसक्रीम कप (50 ग्राम) | | |
| (10) | आइसक्रीम कप (फैमिली पैक) | | |

हस्ताक्षर निविदादाता
फर्म के रबर स्टाम्प सहित

| नाश्ता, अल्पाहार एवं भोजन मैन्यु विवरण | दर प्रति व्यक्ति (₹) | |
|---|---|---|
| | खुला | पैक्ड |
| (ब) भोजन | | |
| (1) पुड़ी / चपाती चुपड़ी + सब्जी + अचार | | |
| (2) पुड़ी / चपाती चुपड़ी + खीर (भरपेट) + सब्जी – 2 + सलाद + अचार + पापड़ | | |
| (3) पुड़ी / चपाती चुपड़ी + सब्जी + दाल + नमकीन (50 ग्राम) + अचार + सलाद + मिठाई एक पीस | | |
| (4) पुड़ी / चपाती चुपड़ी + सब्जी + दाल + अचार + सलाद + चावल+ नमकीन + मिठाई एक पीस + रायता साधारण | | |
| (5) पुड़ी / चपाती चुपड़ी + चावल / पुलाव + अचार + सब्जी + दाल + रायता बूँदी + सलाद + मिठाई एक पीस + पापड़ | | |
| (6) पुड़ी / चपाती चुपड़ी + चावल / पुलाव + अचार (मिक्स) + मिठाई – (गुलाबजामुन / श्रीखंड / रसगुल्ला / बर्फी / खीर) प्रत्येक 80 ग्राम / खीर (भरपेट) के अतिरिक्त + दाल–(उड़द / मूंग / मसूर / चना / तूअर / मिक्स) + सब्जी – कोई दो (पालक पनीर / मटर पनीर / कढ़ाई पनीर / मिक्स मौसम के अनुसार यथा लोकी / तुरई / ककड़ी / टमाटर / प्याज / काचरी / ग्वारफली / मटर / फूल गोभी / पत्ता गोभी / गाजर / भिन्ड़ी, अन्य) + रायता (बूंदी रायता / ककड़ी रायता / लोकी रायता / मीठा रायता) + सलाद + पापड़ + नमकीन (50 ग्राम) | | |
| (7) दाल–(उड़द / मूंग / मसूर / चना / तूअर / मिक्स) + कत बाटी (बाफला) + लड्डू (देशी घी) + बेसन गट्टा + चावल पुलाव + सलाद + रायता (बूंदी रायता / ककड़ी रायता / लोकी रायता / मीठा रायता) + पापड़ + चटनी (लहसुन) | | |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र में अपने खुले दिमाग व होश–हवाश से दरें भर कर दे रहा हूँ। निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न शर्तें एवं नियम मुझे मन्जूर हैं तथा मैन्यु के अनुसार नाश्ता व भोजन देने के लिए मैं पाबन्द रहूंगा।

हस्ताक्षर निविदादाता
फर्म के रबर स्टाम्प सहित